तापमान

अधिकतम 22 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

असर: मौसम को देखते हुए जिले के स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित

चक्रवात अर्नब से गरियाबंद में बदला मौसम, दिन में छाया अंधेरा; बारिश और ठंडी हवाओं से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में चक्रवात के प्रभाव से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में देर रात से बारिश का दौर जारी है। बुधवार सुबह से आसमान में घने काले बादल छाए रहे और हल्की से मध्यम बारिश होती रही। शाम होते-होते आसमान में बादलों की ऐसी घनी चादर छाई कि दिन में ही रात जैसा नजारा दिखाई देने लगा। ठंडी हवाओं के चलने से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। अचानक बदले मौसम ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। बारिश और खराब मौसम के कारण लोगों की दिनचर्या के साथ ही दैनिक कामकाज पर भी असर पड़ा है।

- देर रात से रुक-रुककर हो रही बारिश, बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान;

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही बादलों की आवाजाही और बारिश का सिलसिला जारी रहा। करीब 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के कारण मौसम में ठंडक महसूस की गई। लगातार बारिश के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मौसम का असर दिखाई दे रहा है। बारिश के कारण बाजार, व्यवसाय और आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, चक्रवात के प्रभाव से 28 अक्टूबर को मौसम का असर अधिक रहने की संभावना है। इसके बाद 29 अक्टूबर तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। वहीं 30 अक्टूबर को स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री की वृद्धि, जबकि अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज किए जाने की जानकारी दी गई है। खराब मौसम और लगातार बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर गरियाबंद जिले के सभी स्कूलों में दो दिनों के अवकाश की घोषणा की गई है। मौसम की स्थिति को देखते हुए अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। बारिश और तेज हवाओं के बीच जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या सामने आई है। सुबह से ही बिजली की आंख-मिचौली के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली की बार-बार कटौती से कार्यालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और अन्य दैनिक ⏭शेष पेज 10 पर





स्कूलों में छुट्टी, गांवों में कोटवारों ने मुनादी कर लोगों को किया सतर्क

रसेला। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर अंचल में मंगलवार रात से ही दिखाई देने लगा। बुधवार को दिनभर तेज हवाओं और बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित रहा। खराब मौसम के कारण लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी।

- तूफान का असर मंगलवार सुबह से दिखाई देने लगा था

तूफान के संभावित प्रभाव को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अंचल के विभिन्न गांवों में कोटवारों द्वारा मुनादी कर लोगों को चक्रवाती तूफान के संभावित खतरों की जानकारी दी गई। साथ ही तेज हवाओं, भारी बारिश, आकाशीय बिजली और जलभराव जैसी परिस्थितियों में सावधानी बरतने, सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की समझाइश दी गई है।

आपदा से निपटने प्रशासन सतर्क : संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा परिस्थितियों पर नजर रखते हुए लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही गई है।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। नदी-नालों और जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें तथा आकाशीय बिजली और तेज हवाओं के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और केवल अधिकृत माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

व्यापारियों, किसानों और आम लोगों के मंसूबों पर फेरा पानी

राजिम। दीपावली की खुशियों के स्वागत में जहां राजिम और नवापारा के बाजार सजने लगे थे, वहीं बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान अर्नब ने किसानों, व्यापारियों और आम लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तेज हवाओं व तापमान गिरने से लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। सुबह से शुरू हुई बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दीपावली पर्व में अब महज आठ से दस दिन शेष हैं। ऐसे में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने त्योहार की तैयारियों के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है।

राजिम और नवापारा का बाजार काफी हद तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की उपज पर निर्भर है। दीपावली से पहले बाजार में खरीदारी का उत्साह बढ़ने लगा था। व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों में नए कपड़े, ज्वेलरी, फैंसी सामान और अन्य जरूरी वस्तुओं का भंडारण कर लिया था। दुकानों को सजाने-संवारने का काम भी तेजी से चल रहा था। पटाखा कारोबारियों ने भी त्योहार के लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। उम्मीद थी कि दीपावली नजदीक आते ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी और कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। लेकिन मौसम की बेरुखी ने इन उम्मीदों पर फिलहाल पानी फेर दिया है।



दूसरी ओर, किसान भी धान की कटाई की तैयारी में जुटे हुए थे। खेतों में फसल तैयार खड़ी है और नवापारा मंडी में नया धान पहुंचना भी शुरू हो गया था। किसानों की योजना थी कि दीपावली से पहले अधिक से अधिक फसल की कटाई कर उपज को सुरक्षित किया जाए। इससे त्योहार के लिए जरूरी खरीदारी और दूसरे खर्चों की व्यवस्था भी हो सकेगी। लेकिन बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

खेतों में खड़ी फसल को पहुंचा नुकसान

खेतों में नमी बढ़ने और मौसम साफ नहीं होने की स्थिति में कटाई का काम प्रभावित हो सकता है। यदि मौसम का असर लंबे समय तक बना रहा, तो फसल की कटाई, मिंजाई और मंडियों तक उपज पहुंचाने की प्रक्रिया में देरी होने की आशंका है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली कृषि उपज और किसानों की खरीदारी से ही त्योहार के दौरान बाजार में विशेष रौनक दिखाई देती है। ऐसे में यदि किसान फसल की कटाई और उपज की बिक्री को लेकर परेशान रहेंगे, तो इसका असर बाजार के कारोबार पर पड़ना स्वाभाविक है। व्यापारियों को भी आशंका है कि बारिश के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हुई, तो दीपावली से पहले अपेक्षित कारोबार पर असर पड़ सकता है। घरों में दीपावली की तैयारियों को लेकर भी असर पड़ा है।

12 घंटे की बारिश और तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड



फिंगेश्वर। अर्नब तूफान के प्रकोप से नगर सहित अंचल मे 12 घंटे से बारिश प्रारंभ है। बारिश एवं तेज हवाओ के प्रकोप से ठंड मे वृद्धि हो रही है वहीं पर रोज के होने वाले कार्य अवरोध हो रहे हैं। बारिश का क्रम लगातार जारी रहा तो धान के फसलों को नुकसान हो सकता है। दीपावली पर्व को लेकर मकान की लिपाई पुताई के कार्य प्रारंभ हो गई थी। जिन्हें बारिश के कारण रोक दिया गया है। श्रमिक खेतों सहित गृह निर्माण कार्यों मे आ रहे थे वे भी अर्नब तूफान के चलते अपने अपने घरों मे कैद हैं। शासन के द्वारा अर्नब तूफान के चलते स्कूलों मे 28 अक्टूबर को छुट्टी देकर पुनित कार्य किया है। जिसके चलते बच्चे भी सुरक्षित अपने अपने घरों मे रह रहे हैं। बारिश के चलते किसी प्रकार से जान माल की सूचना नहीं मिली है। लेकिन जनजीवन अस्त-व्यस्त जरूर हो गई है। बारिश का क्रम रात्रि मे भी जारी है।

खबर संक्षेप

दिवंगत पिता पर टिप्पणी संस्कृति और राजनीतिक मर्यादा के विरुद्ध

छुईहा बेलर। पूर्व सांसद एवं वेयर हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने सेंदर में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मंचीय उद्बोधन के बाद संवाददाता से चर्चा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन दिवंगत व्यक्ति पर अपमानजनक टिप्पणी करना भारतीय संस्कृति और राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति से संयमित और शालीन भाषा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के बयानों और व्यवहार से राजनीतिक संस्कार एवं अनुशासन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा से जुड़े कथित व्यवहार के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व को अपने आचरण और भाषा के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए।



गुप्ता समाज के मीडिया प्रभारी बने राकेश

नवापारा-राजिम। श्रीराधाकृष्ण मंदिर में शरद पूर्णिमा में आयोजित कार्यक्रम में राकेश गुप्ता को गुप्ता समाज का मीडिया प्रभारी बनाया गया। नियुक्ति उपरांत श्री गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन व समाजहित के अनुसार जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

खेतों में बिछी धान की फसल, किसानों की बढ़ी चिंता

मुड़ागांव (कोरासी)। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अर्बन चक्रवात के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है। मंगलवार सुबह से शुरू हुआ खराब मौसम बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार तड़के करीब तीन बजे से ठंडी हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। ठंड बढ़ने के कारण लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। वहीं, मौसम में अचानक आए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के लिए तैयार धान की फसल पर नुकसान का खतरा मंडराने लगा है। छुरा विकासखंड के मुड़ागांव, कोरासी, रानीपरतेवा, करकरा, करचाली, द्वारतरा, बम्हनी, खड़मा, कुरेकेरा, मड़ेली, पिपरछेड़ी, जरगांव, रवेली, गिधनी, लोहझर, खैरझिटी, ओनवा, पक्तियां, जुनवानी, कनेसर, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, गोदलाबाहरा, भैरा, नवापारा, पाटशिवनी, परसदा, पिपरहट्ठा और देवगांव सहित आसपास के गांवों में भी मौसम का असर दिखाई दिया। मौसम में आए बदलाव से धान की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। कई किसानों ने हरुना धान की कटाई कर फसल को खेतों में ही रखा है। कहीं धान करपा और बीड़ा के रूप में पड़ा हुआ है, तो कहीं पककर तैयार फसल की कटाई अभी बाकी है। ऐसे में बारिश होने से कटी हुई फसल के भीगने और धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की चिंता किसानों को सता रही है।



किसानों को दोहरी परेशानी

धान की दूसरी किस्मों में बालियां निकल रही हैं या निकल चुकी हैं। तेज हवाओं के कारण कई खेतों में खड़ी धान की फसल झुककर जमीन पर बिछ गई है। क्षेत्र के किसान पुरण ठाकुर, लक्ष्मीदास सोनवानी, अवध राम साहू, अवधराम ठाकुर, रामप्रसाद साण्डिल्य, प्यारे सिंह दीवान, गैंदालाल पटेल और संतराम निषाद सहित अन्य किसानों ने बताया कि दीपावली का त्योहार नजदीक है। किसान हरुना धान की कटाई कर फसल समेटने में जुटे थे, ताकि उपज बेचकर त्योहार के खर्च की व्यवस्था कर सकें। लेकिन अचानक मौसम बिगड़ने से उनकी चिंता बढ़ गई है। यदि बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहा, तो किसानों को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने शासन-प्रशासन से प्रभावित गांवों में फसलों की स्थिति का जायजा लेने और संभावित नुकसान का आकलन कराने की मांग की है।

जिला प्रशासन ने नदी नालो और बांधों के पास सुरक्षा के लिहाज से जाने पर रोक लगाई

मैनपुर- देवभोग में झमाझम बारिश, धान और मक्का की खड़ी फसल टूटकर गिरी

मैनपुर। अर्नब तूफान के असर से गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली है। बुधवार सुबह से ही झमाझम और रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है कभी तेज बारिश तो कभी हवा के तेज झोंकों के चलते लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हो गए हैं सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है, और बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। तूफान के आने की आहट एक दिन पूर्व यानी मंगलवार शाम को ही मिल चुकी थी। मैनपुर और देवभोग क्षेत्र के आसमान में अचानक लाल बादल छा गए थे, जिसे देखकर मौसम विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों ने किसी बड़े चक्रवात या तूफान की आशंका जताई थी उनका यह अनुमान मंगलवार रात ही सच साबित हो गया, जब तेज आंधी-तूफान ने इलाके के कई क्षेत्रे



धान और मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बुरा असर अन्नदाताओं पर पड़ा है। धान की फसल जो पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार हो चुकी थी, वह आंधी और बारिश के कारण खेतों में बिछ गई है। साहेबिनकछार, कोदोमाली, गौरगांव, कुचेंगा और भूतबेड़ा क्षेत्र में मक्का की खड़ी फसल कई ग्रामो मे टूटकर गिर गई है। लगातार नमी और बारिश के कारण तैयार धान में बीमारी लगने और सड़ने का अंदेशा गहरा गया है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

गांवों में मुनादी कराकर सतर्क रहने की अपील

बुधवार को दिनभर चली ठंडी हवाओं और लगातार बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई ठंड से लोग कांप उठे और मजबूरी में बक्से में रखे गर्म कपड़े वापस बाहर निकालने पड़े बाजार और मुख्य मार्ग सूने नजर आए, और लोग घरों में ही दुबके रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर और स्थानीय प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है सुरक्षा के लिहाज से लोगों को हिदायत दी गई है कि वे बेवजह नदियों, नालों और बांधों के आसपास न जाएं किसी भी अनहोनी से बचने के लिए लगातार गांवों में मुनादी कराई जा रही है और प्रशासन पूरी स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है।

परसदाकला में लोगों ने तन- मन एवं धन से यज्ञ में शामिल होने का लिया संकल्प

गायत्री परिवार के 108 कुंडीय यज्ञ को लेकर गांव- गांव में बैठक प्रारंभ

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर में होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ 22 से 25 दिसंबर के लिए तैयारी भव्य रूप से एवं तेज गति से शुरू हो गई है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के लोग गांव-गांव प्रचार कर आमंत्रण दिया जा रहा है। लगातार गांव गांव में बैठकें कर महायज्ञ की रूपरेखा बता कर घर-घर आमंत्रण दिया जा रहा है।

गायत्री परिवार के सदस्य एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू,युग पुरोहितपरमानंद,संरक्षक एच एल साहू,जगदीश साहू,कन्हैया लाल कंवर,अशोक साहू सहित अनेक लोग भव्य तैयारी में जुटे हैं। गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में अखंड ज्योत जल रही है। देव कन्या के रूप में



गायत्री मंदिर में साधक कन्याओं द्वारा किया जा रहा है। गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में साधना में उपस्थित देव कन्याओं का तिलक लगाकर एवं पीली साड़ी भेंट कर सम्मान किया गया। परमानंद यादव ने उपस्थित देव कन्याओं को साधना की जानकारी दिया गया। फिंगेश्वर नगर के शासकीय कॉलेज मैदान पर 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें गरियाबंद जिला के लगभग 50 से भी ऊपर ग्रामों में गायत्री माता का प्रचार प्रसार के साथ आमंत्रण एवं बैठक हो चुकी हैं। उपस्थित लोगों ने तन मन धन से 108 कुंडी गायत्री महादेव सहयोग करने तैयार है तथा सहयोग का संकल्प ले रहे हैं। ग्राम परसदा कला में ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधि एवं गायत्री परिवार के लोगों का बैठक शीतला चौक में आयोजित हुई। बैठक में 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारी शामिल रहे।

यज्ञ के साथ होंगे विविध संस्कार

फिंगेश्वर नगर में होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के रूपरेखा आचार्य परमानंद ने बताया यज्ञ के साथ साथ विविध संस्कार का कार्यक्रम भी होगा। रामू राम साहू ने बताया कि 15 नवंबर को होने वाले विशाल भूमि पूजन का आयोजन कॉलेज मैदान में होगा जिसमें भारी संख्या में जजमान एवं नागरिक तथा गायत्री परिवार के लोग जजमान के रूप में शामिल होंगे।वही अतिथि के रूप में अनेक संत, विद्वान एवं जनप्रतिनिधि आएंगे। एच एल साहू ने कहा कि 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ सभी के कल्याण के लिए है। बैठक में ग्राम के विश्राम निषाद,रवि साहू, बहारी साहू, संत रामशरण महारा, टीकम साहू, कमलेश साहू यादराम साहू, नंदकुमार साहू, जनक श्रीवास,सेवक राम साहू, सुरेश साहू, जीवन लाल साहू, वीरेंद्र साहू, डोमन निषाद,नंदकुमार साहू सहित ग्राम के नागरिक शामिल रहे।

विद्यालयों में संचालन के लिए समान समय सारणी की मांग

राजिम। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम से प्रदेश के समस्त विद्यालयों में शनिवार को एक समान समय सारणी का शासन से करवाने आदेश जारी करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक शनिवार को प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होती हैं। वहीं प्रदेश के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय सुबह 10 बजे से अपरान्ह 4 तक विद्यालय संचालित किया जा रहा है। जिससे हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थी व्यायाम योग शिक्षा से



वंचित हो जाते हैं। योग शारीरिक शिक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लिहाजा शीघ्र ही प्रदेश के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलो में भी शनिवार को 7:30 बजे से 11:30 बजे तक शाला संचालित करने की मांग की है। इस पर शिक्षा आयोग के अध्यक्ष ने राज्य शासन से आदेश जारी करवाने ⏭शेष पेज 10 पर

भाजपा की डबल इंजन सरकार में आदिवासी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं: भूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक विक्रांत भूरिया अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बुधवार सुबह मैनपुर पहुंचे। ओडिशा जाते समय उनके इस अल्प प्रवास के दौरान बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव भी विशेष रूप से उनके साथ मौजूद रहे। नगर पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गेंदु यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए विक्रांत भूरिया ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे जुबानी हमले किए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए आदिवासी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कभी अतिक्रमण के नाम पर तो कभी टाइगर रिजर्व के नाम पर आदिवासियों को उनकी पारंपरिक जमीनों से बेदखल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि आदिवासियों के कारण ही जल, जंगल और जमीन सुरक्षित हैं।

श्री भूरिया ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की मुख्य नजर यहां की बेशकीमती वन संपदा और खनिज संपदा पर टिकी हुई है। उन्हें यहां के आम नागरिकों, किसानों, युवाओं और मजदूरों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विष्णुदेव साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार केवल बैनर-पोस्टर और प्रचार-प्रसार तक सीमित है, धरातल पर सरकारी योजनाओं का कोई लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा है।

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

ये रहे उपस्थित

इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, महामंत्री निहाल नेताम, आदिवासी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, डोमार साहू, लिकेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रोजगार के अभाव में पलायन और कुपोषण से बच्चों की मौत पर जताई चिंता

आदिवासी अंचलों की बदहाली का जिक्र करते हुए भूरिया ने कहा कि आज आदिवासी क्षेत्रों के अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं और रोजगार के कोई अवसर नहीं बचे हैं। पढ़े-लिखे युवा रोजगार मांग-मांगकर थक चुके हैं, लेकिन डबल इंजन की सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज डबल इंजन हवा में इधर-उधर भाग रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी हैं, लेकिन विडंबना देखिए कि आज इसी आदिवासी क्षेत्र के लोग रोजगार के अभाव में पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पेसा कानून को समाप्त करने में लगी है, जिसके तहत ग्रामसभा को मिलने वाले सबसे बड़े अधिकारों को भी छीना जा रहा है।

खबर संक्षेप

चंदली डोंगरी में शरद पूर्णिमा पर लगा मेला

सरायपाली। शरद पूर्णिमा की दूधिया चांदनी में जोगनीपाली डोंगरी में स्थित चंदली डोंगरी में आस्था और उत्सव के रंग में रंग गया। पंथी और जोगनीपाली सीमा की पहाड़ियों के बीच विशाल चट्टान पर स्थित पवित्र स्थल पर पूर्व में मुनि बाबा शरद पूर्णिमा की रात्रि में विशेष पूजा अर्चना किया करते थे। समय के साथ यह धार्मिक आस्था का केंद्र बनता गया और शरदोत्सव पर यहां मेले का आयोजन होने लगा। इस मेले में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। तप साधना के महासंगम, महाआरती, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को खास बना दिया। विकासखंड के ग्राम पंचायत जोगनीपाली स्थित डोंगरी में शरद पूर्णिमा पर मेले का आयोजन किया गया। पहाड़ियों के बीच विशाल चट्टान पर बने तप साधना का केंद्र का नजारा चांदनी रात में आकर्षण का केंद्र रहा।

पेज 9 के शेष

चक्रवात अर्नब से ...

गतिविधियों पर असर पड़ा है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्यालयों में संचालन...

हेतु आश्वस्त किया है। इस अवसर पर रायपुर जिला के शिक्षक संघ के संगठन मंत्री सुनील नायक धरसिवा ब्लॉक संगठन मंत्री अवध राम वर्मा, ब्लॉक सचिव आत्माराम साहू तथा नेमू राम साहू उपस्थित थे।

तीन दशक पुराना कार्यालय भवन जर्जर, एक छोटे कमरे में सिमटा कामकाज

न खुद का भवन, न ही स्थायी अधिकारी भगवान भरोसे चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर ब्लॉक में शासन का सबसे महत्वपूर्ण माना जाने वाला महिला एवं बाल विकास विभाग खुद ही बदहाली और प्रशासनिक उदासीनता का शिकार होकर 'भगवान भरोसे' संचालित हो रहा है। आलम यह है कि विभाग के पास न तो अपना खुद का कार्यालय भवन है और न ही एक साल से कोई स्थायी परियोजना अधिकारी। इसके चलते ब्लॉक की 339 आंगनबाड़ियों में से 100 से अधिक केंद्र किराए के मकानों, सामुदायिक भवनों और जर्जर झोपड़ियों में चलने को मजबूर हैं, जहां नौनिहालों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

खास खबर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में एकीकृत बाल विकास परियोजना की शुरुआत सन 1980 में हुई थी। पूर्व में विभाग का जो भवन था, वह पूरी तरह जर्जर हो जाने के कारण पिछले 3–4 वर्षों से किराए के मकान में संचालित हो रहा है। वर्तमान में पूरा कार्यालय महज एक छोटे से कमरे में सिमटकर रह गया है, जिसके कारण विभागीय बैठकों, दस्तावेजों के रखरखाव और रोजमर्रा के कार्यों के संचालन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की लचर व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परियोजना अधिकारी पी.आर. ठाकुर के दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद से एक साल बीत जाने के बावजूद यहां किसी मूल अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। वर्तमान में गरियाबंद के जिला अधिकारी ही मैनपुर का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति के कारण 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं और जनकल्याणकारी कार्यक्रम सुचारू रूप से धरातल पर नहीं उतर पा रहे हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल और गरियाबंद कलेक्टर रणबीर शर्मा से पुरजोर मांग की है कि मैनपुर में तत्काल स्थायी अधिकारी की नियुक्ति की जाए और नए कार्यालय भवन के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।







जान जोखिम में डालकर जर्जर भवनों में पहुंच रहे मासूम

मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्र 30 से 35 वर्ष पुराने जर्जर कपरैल और खपरैल वाले भवनों में संचालित हो रहे हैं, जो कभी भी धराशायी हो सकते हैं। कई केंद्र भवन अधूरे होने के कारण किराए के मकानों या झोपड़ियों में चल रहे हैं। इन केंद्रों में न तो शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही बच्चों के बैठने के लिए उचित स्थान। स्थायी अधिकारी के अभाव में इन गंभीर समस्याओं का कोई स्थायी समाधान भी नहीं निकल पा रहा है।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी रनिंग वाटर योजना, पानी को तरसे बच्चे

विभाग द्वारा 3–4 साल पहले मैनपुर क्षेत्र के 148 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर 'रनिंग वाटर सिस्टम' लगाया गया था।एक दर्जन केंद्रों को छोड़कर अधिकांश जगहों पर नल से एक बूंद पानी तक नहीं टपका और देखते ही देखते पाइपलाइन व टंकियां टूट-फूटकर कबाड़ में तब्दील हो गईं। पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

नए आए हैं, प्राथमिकता से समस्या हल करेंगे: नागेश

इस पूरे मामले पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण सिंह नागेश ने चर्चा में बताया कि मैनपुर परियोजना कार्यालय के पास स्वयं का भवन न होने के कारण यह किराए के भवन में संचालित हो रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही यहां नए परियोजना अधिकारी की नियुक्ति की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे अभी नए आए हैं और जिन-जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता से दूर कर बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

गरियाबंद के जंगलों में मिली चीन की दुर्लभ मकड़ी मंगोरा बाई, भारत में पहली बार दर्ज हुई प्रजाति

मैनपुर। गरियाबंद वन क्षेत्र में मकड़ियों की जैव-विविधता पर किए जा रहे अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। शोधकर्ताओं की टीम ने स्प 2021 नामक ऑर्ब-वीवर मकड़ी को भारत में पहली बार दर्ज किया है। यह प्रजाति इससे पहले चीन में दर्ज की गई थी। यह महत्वपूर्ण खोज इंडियन जर्नल ऑफ नेचरल साइंस में प्रकाशित हुई है। अध्ययन में गरियाबंद वन क्षेत्र से प्राप्त मादा मकड़ी के नमूने का वैज्ञानिक अध्ययन कर इसकी पहचान मंगोरा बाई के रूप में की गई।

शोधकर्ताओं के अनुसार, इस मकड़ी की पहचान इसकी विशिष्ट शारीरिक संरचना के आधार पर की गई। इसके अंडाकार उदर पर चैड़ी अनुप्रस्थ काली धारियां, काला सेफलोथोरैक्स, लंबी चैथी जोड़ी के पैर तथा उदर के निचले भाग पर चौड़ी अनुदैध्र्य रेखा इसकी प्रमुख पहचान व विशेषता हैं। मकड़ियां केवल जाल बनाने वाले जीव नहीं हैं, बल्कि वे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों की आबादी को नियंत्रित करने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में किसी प्रजाति का नए भौगोलिक क्षेत्र से सामने आना उस क्षेत्र की जैव-विविधता के वैज्ञानिक महत्व को दर्शाता है। गरियाबंद से मंगोरा बाई का यह पहला भारतीय रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में मौजूद समृद्ध और अभी तक पूरी तरह अन्वेषित जैव-विविधता की ओर भी संकेत करता है।



दल में कई संस्थानों के शोधकर्ता

इस शोध दल में डॉ. अविनाश आर. निचत, एम. वी. वी. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, धमतरी; डॉ. के. के. हैरिस एवं जशवंत नायक, शासकीय दूधाधारी बजरंग गल्र्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, रायपुर; तथा हितेश कुमार वारते, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ शामिल हैं।

जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण खोज

शोधकर्ताओं का मानना है कि राज्य के विभिन्न वन क्षेत्रों में निरंतर वैज्ञानिक सर्वेक्षण किए जाने से आने वाले समय में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रजातियों के वितरण संबंधी नए तथ्य सामने आ सकते हैं। यह खोज न केवल छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि देश में मकड़ियों की जैव-विविधता और उनके भौगोलिक वितरण को समझने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण योगदान है।

आधी रात महिलाओं के साथ मारपीट जेसीबी से बाइक को कुचला

महासमुंद। बसना के वार्ड नं 5 में आधी रात घर घुसकर मारपीट, गाली गलौज और जेसीबी से बाइक को कुचलने के मामले की रिपोर्ट पर चार आरोपियों व उनके साथियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात 12 से 1.30 बजे के बीच सरिता साहू पति अनिल कुमार साहू के घर अशोक कुमार साहू, सौरभ साहू, सुनील कुमार साहू एवं अर्जुन चौहान सहित उनके साथ आए अन्य व्यक्तियों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने घर का दरवाजा तोड़कर जबरन प्रवेश किया। आरोपियों ने महिला के परिवार एवं उनके साथ रहने वाले कादबिनी नायक और राहुल नायक के साथ मारपीट की। घटना के दौरान कादंबिनी नायक और प्रार्थिया को बाल पकड़कर घसीटा गया। कपड़े फाड़ दिए गए। साथ ही आरोपियों ने जेसीबी मशीन चलाकर कुचलने एवं जान से मारने का प्रयास किया। इसी दौरान गैरेज में जेसीबी चलाते हुए वहां रखे 2 नग बाइक भी कुचल दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

रोड किनारे जुआ खेल रहे आठ आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। जिले की पुलिस ने रोड किनारे जुआ खेल रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर नगद साढ़े 10 हजार रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अछोली तिराहा के पास रोड किनारे बिजली खंभे के लाइट के नीचे में कुछ व्यक्तियों द्वारा खुला स्थान में संगठित होकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस को आता देखकर कुछ लोग भाग निकले। वहीं पकड़े गए लोगों ने अपने नाम व पता क्रमशः बबलू बंजारे उर्फ यशवंत पिता जवाहर लाल (22 वर्ष), कुशल निषाद पिता इंदर (35 वर्ष), गजेंद्र साहू पिता जैतराम (24 वर्ष), महेंद्र ध्रुव पिता स्व. लक्ष्मण ध्रुव (32 वर्ष), यशवंत साहू पिता सुनहर साहू (44 वर्ष), लक्ष्मीचंद बंजारे पिता स्वव. वैनदास (24 वर्ष), प्रदीप निषाद पिता तुलाराम (27 वर्ष), ताम्रध्वज निषाद पिता तेजराम (25 वर्ष) ग्राम अछोली थाना तुमगांव का रहने वाले बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद 10500 रुपए एवं मोबाइल बरामद किया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 , 112 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वृद्ध दंपत्ति पर जंगली जानवर ने किया हमला, घायल

महासमुंद। बागबाहरा से करीब आठ किलोमीटर दूर ग्राम भदरसी में जंगली जानवर ने मंगलवार शाम वृद्ध दंपत्ति पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में वृद्ध की बायीं टांग और वृद्धा की उंगलियां व घुटने जख्मी हो गए। हालांकि, हमलावर जानवर तेंदुआ था या कोई अन्य वन्यजीव, इसकी पुष्टि वन विभाग नहीं कर सका है। जानकारी के अनुसार 67 वर्षीय देखन राम बरिहा 57 वर्षीया पत्नी शांति बाई और कुछ अन्य लोगों के साथ शाम करीब चार बजे खेत से लौट रहे थे। देखन राम रस्सी का बंडल लेकर कुछ आगे चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से अचानक एक जंगली जानवर ने उनकी टांग पकड़ ली। घबराए देखन राम ने लाठी से वार किया, बाद जानवर भाग गया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले जानवर ने पीछे चल रही शांति बाई पर भी झपट्टा मार दिया। उनकी चीख सुनकर देखन राम मौके पर पहुंचे, तब तक जानवर भाग चुका था। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंचे और घायल दंपत्ति को घर लाए। सूचना पर वन विभाग की टीम उन्हें शासकीय अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। क्षेत्र में तेंदुए की हलचल की चर्चाओं के बीच वन विभाग ने घटनास्थल और आसपास पगचिह्न तलाशे, लेकिन तेंदुए की मौजूदगी के प्रमाण नहीं मिले।

बारिश...



महासमुंद। चक्रवाती तूफान के कारण शहर में दिनभर होती रही बारिश।

हाईस्कूल मैदान में मिलेंगे पटाखे, लॉटरी सिस्टम से आबंटित हुई 55 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के हाईस्कूल मैदान में दीपावली के अवसर पर प्रस्तावित अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए मंगलवार को स्थानीय पालिका परिसर में आबंटन की प्रक्रिया हुई। 55 दुकानों के लिए अध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी सिस्टम के माध्यम से संपन्न हुई। दीपावली पर्व को देखते हुए अस्थायी पटाखा बाजार के लिए आमंत्रित आवेदनों में लॉटरी पद्धति से दुकानों का आबंटन किया गया। पालिका सभाकक्ष में खुले तौर पर संपन्न प्रक्रिया के दौरान पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि त्योहारों पर सभी को रोजगार का अवसर मिले और बाजार व्यवस्थित रहे इसके लिए पारदर्शी व्यवस्था अपनाई गई है। सभी दुकानदारों को सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, राजस्व लिपिक गुमान ध्रुव, नौशाद बक्श सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक, पटाखा दुकान संचालक उपस्थित थे। नगर पालिका ने सभी आबंटित दुकानदारों को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षा मानकों के साथ व्यवसाय करने की अपील की।



कलेक्टर ने धान खरीदी के पूर्व तैयारियों का लिया जायजा

चेक पोस्ट सिंघोड़ा एवं रेहटीखोल पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आगामी धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए जिले में अंतरराज्यीय सीमाओं पर निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ओडिशा सीमा से लगे सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अंतरराज्यीय चेक पोस्ट स्थापित करने सिरपुर, सिंघोड़ा एवं रेहटीखोल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने चेक पोस्टों में जांच व्यवस्था, वाहनों की आवाजाही, दस्तावेजों के सत्यापन और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चेक पोस्टों पर सतत निगरानी रखते हुए जांच प्रक्रिया को सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने चेक पोस्टों से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही तथा उनके दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारी पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। वाहनों की जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन किया जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए।

उन्होंने कहा कि अवैध परिवहन करते हुए वाहन पाए जाने पर नियमानुसार तत्काल वाहन जब्त (सीज) कर संबंधित प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही अंतर्राज्यीय सीमाओं से होने वाली वाहनों की आवाजाही पर निरंतर निगरानी रखी जाए, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेजपाल सिंह ध्रुव, तहसीलदार श्रीधर पंडा, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



चक्रवाती तूफान और भारी बारिश की आशंका जिले के स्कूलों में आज अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवाती तूफान एवं भारी बारिश की संभावना को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह ने 29 अक्टूबर 2026 गुरुवार को महासमुंद जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में एक दिवस का अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 29 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जिला प्रशासन ने मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी एवं मौसम की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह आदेश दिया है।

खबर संक्षेप



साराडीह स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

महासमुंद। ग्राम साराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में अंकित चंद्राकर साराडीह निवासी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय डॉ. लेख राम चंद्राकर के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर, भारती चंद्राकर, सुनीता पटेल, देवकी सिंह दीवान, माहेश्वरी मार्कंडेय, एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

जिले के युवाओं से कल तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से "युवा रत्न सम्मान' योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामाजिक सेवा, साहित्य, उद्योग एवं व्यापार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल विकास (केवल महिलाओं के लिए), मीडिया, स्वास्थ्य सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन, कला एवं संगीत एवं लोककला के क्षेत्र में 1 युवा को 1 लाख रुपए की नकद राशि एक सम्मान पत्र, पदक और शॉल दिया जाएगा।

शरद पूर्णिमा पर कृष्णा राधा झांकी सजाई, अमृत वर्षा पर रात में बंटी खीर

बिरकोनी। ग्राम अछरीडीह के सरस्वती शिशु मंदिर में शाम 7 बजे छात्रों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। गणेश वंदना व सरस्वती पूजा पश्चात बालक-बालिकाओं ने कृष्णा राधा रास लीला का मंचन व तुलसी विवाह प्रस्तुत किया। इसके बाद परंपरिक सुवा नृत्य व राउत नृत्य की सामूहिक डांस में रंगारंग मनमोहक प्रस्तुति दी। नाट्कीय समेत अन्य रास लीला के प्रति सामाजिक मुद्दों को जागरूक किया। आकर्षक झांकी देवी देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान ग्रामवासियों ने भगवान कृष्णराधा की दर्शन किए। दर्शकों ने शरद पूर्णिमा को व्रत रहकर कृष्ण-राधा की आरती की। बाद खीर प्रसाद वितरण किया गया।

निधन

पुष्पा पांडेय

पिथौरा। शहर के रानीसागर पारा वार्ड नं 12 निवासी पुष्पा पांडेय (61) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे कुबेर प्रसाद पांडेय की पत्नी एवं डॉ.विकास पांडेय (मोनू), प्रकाश पांडेय की माता थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम पिथौरा में हुआ जिसमें सामाजिकजन सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कोपरा में गूंजेगा माता रानी का जयकारा, 1 नवंबर को सजेगी 'दाई के दुलरवा' जस झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

पंचकोशी धाम की पावन नगरी कोपरा में आगामी 1 नवंबर, रविवार को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नगर के जय मां शीतला परिवार एवं नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में हाईस्कूल मैदान में 'दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी पटपर डोंगरगढ़' का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। आयोजन को यादगार और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

कार्यक्रम की भव्यता को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर साफ-सफाई से लेकर श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था तक की तैयारियां की जा रही हैं। महिला, पुरुष और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु सुविधापूर्वक कार्यक्रम का आनंद ले सकें। आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

डीएसपी ने लिया तैयारियों का जायजा: आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण करने गरियाबंद की डीएसपी निशा सिन्हा 27 अक्टूबर की सुबह कोपरा पहुंचीं। उन्होंने हाईस्कूल मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी चर्चा की गई।

निरीक्षण के दौरान आयोजन समिति के सदस्य अंकित राजपूत, रिकेश साहू, नारायण साहू गोरेलाल सिन्हा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

डीएसपी निशा ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह

पंचकोशी धाम कोपरा में आयोजित होने जा रहे इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में उत्सुकता बनी हुई है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और कार्यक्रम की व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए तैयारियों को गति दी जा रही है। आयोजकों को उम्मीद है कि जस झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था से जुड़ने का अवसर मिलेगा। आगामी 1 नवंबर को हाईस्कूल मैदान में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम नगर के धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाने के साथ ही क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

भागवत कथा: भगवान श्रीकृष्ण की 'रणछोड़ नीति' की व्याख्या की

रुक्मिणी मंगल विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु पारिवारिक संस्कारों पर दिए गए विशेष संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेंदर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन का प्रसंग बेहद भव्य और भक्तिमय रहा। कथा के दौरान रुक्मिणी मंगल विवाह का मनमोहक और भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। व्यास पीठ से कथावाचक संत गोवर्धन शरण व्यास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाते हुए उपस्थित जनसमूह को अटूट प्रेम, सच्ची भक्ति और पूर्ण समर्पण का गहरा संदेश दिया।

कथावाचक संत गोवर्धन शरण व्यास महाराज ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानती थीं और केवल उन्हीं से विवाह करना चाहती थीं। जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया, तब माता रुक्मिणी ने एक दूत के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण को पत्र भेजकर अपनी रक्षा करने और स्वीकार करने की प्रार्थना की। भक्त की पुकार सुनकर भगवान श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और रुक्मिणी का हरण कर उनके साथ विवाह किया। महाराज ने बताया कि यह प्रसंग ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास, निष्कपट प्रेम और पूर्ण समर्पण का जीवंत प्रतीक है।



जनहित और रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने अपनाई 'रणछोड़ नीति': कथा के अगले चरण में महाराज ने कंस की पत्नियों अस्ति व प्राप्ति तथा उनके पिता जरासंध के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कंस वध से क्रोधित होकर जरासंध ने मथुरा पर बार-बार आक्रमण किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के पराक्रम के सामने उसे 17 बार पराजय का सामना करना पड़ा। 18वीं बार आक्रमण के दौरान जब जरासंध द्वारा बंदी बनाए गए राजाओं और साधु-संतों के वध की योजना की बात सामने आई, तब भगवान श्रीकृष्ण ने लोककल्याण को सर्वोपरि रखते हुए 'रणछोड़ नीति' अपनाई। उन्होंने समझाया कि भगवान का उद्देश्य युद्ध जीतना नहीं, बल्कि निर्दोषों की रक्षा करना और अत्याचार का अंत करना था। हर परिस्थिति में विवेक और दूरदर्शिता से ही बड़ी समस्या का समाधान होता है।

बेटी, पिता की आत्मा, बेटा, मां का स्वरूप: पारिवारिक और युवा पीढ़ी पर संदेश

संतान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाराज ने कहा कि बेटी पिता की आत्मा होती है, तो बेटा मां की आत्मा का स्वरूप होता है। माता-पिता और संतान का यह रिश्ता प्रेम और स्नेह से परिपूर्ण है। उन्होंने आधुनिक युवा पीढ़ी की भटकी विचारधारा और संस्कारों से दूर होती प्रवृत्तियों पर गहरी चिंता जताई। महाराज ने कहा कि परिवार की सहमति को दरकिनार कर घर से भागकर विवाह करने की प्रवृत्ति सामाजिक मर्यादाओं के विपरीत है। युवक-युवतियों को अपने माता-पिता के त्याग, संघर्ष और भावनाओं का सम्मान करते हुए जीवन के बड़े निर्णय सोच-समझकर लेने चाहिए।

गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति और संगीतमय प्रस्तुतियां

कथा के छठे दिवस के इस पावन अवसर पर क्षेत्र के कई विशिष्ट जन और जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिंगेश्वर से ओमप्रकाश बंछोर, कमल यदू, जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष सुघरमल आड़े, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार, मदन कामड़े, कार्यक्रम संचालक पूर्व सरपंच रामाधार साहू, योगेश साहू, तुलस वर्मा, शत्रुघन साहू, अजय वर्मा, श्रवण देवांगन, परमानंद वर्मा, हेमलाल साहू, तुषार साहू और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों (बेलर, चैतरा, परसट्ठी, बारूला, चरभट्ठी, देवगांव आदि) से आए सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम को संगीतमय बनाने में मुख्य भजन गायक व आर्गन वादक रेमन यादव, कोरस व तबला वादक पुरुषोत्तम साहू, महेंद्र ध्रुव, पैड वादक उमेश विश्वकर्मा, बेंजो वादक भुवनेश्वर नेताम और बांसुरी वादक कलीराम कमार ने अपनी सुमधुर धुनों से पूरे वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के 56 हितग्राहियों को आवास अनुज्ञा पत्र





नवापारा-राजिम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप देश के हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, नगर पालिका नवापारा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रकुमार साहू उपस्थित रहे, जिन्होंने से 56 हितग्राहियों को आवास की अनुज्ञा स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

■ नगर पालिका नवापारा में आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना देश के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशहाली और सुरक्षा का नया सवेरा लेकर आई है। डबल इंजन की सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनका पक्का मकान का सपना साकार करना है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को उनके नए और सुरक्षित आशियाने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सभापति पूजा कंसारी, पार्षद जीना निषाद, एल्डरमैन गुलाब राव, मुकुन्द मेश्राम, कन्हैया साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष देवेन्द्र साहू, लीलाराम साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

विकास के लिए प्रतिबद्ध: ओमकुमारी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए परिषद पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने भी अपने विचार रखे और योजना की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

श्री ध्यानदास साहब कबीर पंथी मठ पाहंदा में आयोजन



नवापारा-राजिम। प्राचीन कबीर मठ के संस्थापक परमपूज्य आचार्य श्री ध्यानदास साहब का 190वाँ वार्षिक पुण्य स्मृति दिवस दिनांक 24 एवं 25 अक्टूबर को श्री ध्यानदास साहब कबीर पंथी मठ, ग्राम-पाहंदा चम्पारण में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया है। इस पावन अवसर पर ग्राम पाहंदा में 9.50 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण भी संपन्न हुआ है।

यह दो वसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान आचार्य श्री मंगल साहब कबीर मठ नादिया, धर्म कबीर मठ पाहंदा के सर्वराकार संत श्री प्रकाश साहब तथा गिरवर साहब संत समाज कबीर आश्रम पाहंदा के मार्गदर्शन व सान्निध्य में संपन्न हुआ है। इस पवित्र अवसर पर कबीर अनुयायियों और संतों का आगमन हुआ है। सत्संग-भजन का आयोजन किया गया। 25 अक्टूबर को 10 बजे से 4 बजे तक भजन-सत्संग, सात्विक यज्ञ और चौका आरती संपन्न हुई है। इस आध्यात्मिक महोत्सव और लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रकुमार साहू उपस्थित रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू सहित डॉ. निरेन्द्र साहू प्रदेश अध्यक्ष, छ.ग. साहू संघ, यशवंत साहू जिला पंचायत सदस्य, रायपुर, ब्रह्मानंद साहू सभापति, ज.पं. ,रविन्द्र रिंकू चन्द्राकर जनपद उपाध्यक्ष, ,कृष्ण साहू जनपद सदस्य, टीकमचंद साहू सरपंच, ग्राम पंचायत पाहंदा तथा सोनिया साहू उपसरपंच ,शोभाराम साहू ,मधुर साहू, मोहन साहू, सोहन साहू, प्रेमनाथ सेन, तोषराम साहू, नंदलाल साहू, चतुर्भुज, विशाल निषाद, मनीष गुप्ता, गजानंद साहू एवं समस्त ग्रामवासी, मौजूद थे।



समन्वित कीट प्रबंधन, जैविक नियंत्रण की दी गई जानकारी

फिंगेश्वर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर जिला गरियाबंद के ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव रावे कार्यक्रम के तहत ग्राम पतोरा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान) डॉ. सौरभ पद्मशाली के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल कीट प्रबंधन विधियों के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिकों और रावे के छात्र-छात्राओं ने किसानों को फसलों में लगने वाले हानिकारक कीटों के नियंत्रण के लिए विभिन्न प्रभावी तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को खेतों में प्रकाश प्रपंच लाइट ट्रैप, फेरोमोन प्रपंच, तथा पीले और नीले चिपचिपे प्रपंचों के उपयोग का व्यावहारिक तरीका बताया गया, जिससे कीटों की रोकथाम आसानी से हो सके। जैविक नियंत्रण के अंतर्गत मित्र कीटों जैसे परभक्षी कीट , परजीवी एवं परजीव्याभ के संरक्षण व संवर्धन के महत्व को समझाया गया। इसके साथ ही कीट रोगकारी सूत्रकृमि के फायदों पर भी चर्चा की गई।



संतुलित कीटनाशक प्रयोग और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

कार्यशाला में किसानों को अत्यधिक रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उनके संतुलित एवं आवश्यकता आधारित प्रयोग पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समन्वित कीट प्रबंधन अपनाने से न केवल फसलों को नुकसान से बचाया जा सकता है, बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की भी प्रभावी सुरक्षा होती है। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के रावे कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं, ग्राम पतोरा के उपसरपंच, बड़ी संख्या में स्थानीय किसान भाई और स्वसहायता समूह की महिलाएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं।

नाइट बॉल बैडमिंटन ग्राउंड की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

राजिम। जिला बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा खिलाड़ियों के खेल अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के सुचारू आयोजन हेतु जिले में एक स्थायी नाइट बॉल बैडमिंटन ग्राउंड की व्यवस्था करने की मांग को लेकर विधायक रोहित साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने मांग की कि जिले में बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए एक स्थायी खेल मैदान विकसित किया जाए, जहां खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर सकें। नाइट ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध होने से खिलाड़ियों को शाम के समय भी अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। इससे जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने तथा जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रवीण पुष्पकर, सचिव राहुल गर्ग,सह सचिव सुश्री सारिका वर्मा, कोषाध्यक्ष हितेश सिन्हा सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

■ विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष संघ के पदाधिकारी मिले



स्कूलों और हॉस्टल के बच्चों को पॉक्सो एक्ट की दी गई जानकारी

फिंगेश्वर। क्षेत्र में बच्चों के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन सेफ्टी, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना है।

■ 'सुरक्षित बचपन अभियान' का विशेष शिविर आयोजित



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के मार्गदर्शन में 'सुरक्षित बचपन अभियान' को प्रभावी बनाने के लिए एक जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग और साइबर क्राइम विभाग को शामिल किया गया है। अभियान के प्रथम चरण के तहत 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक रायपुर और गरियाबंद जिले के विद्यालयों का चयन किया गया है, जहां बच्चों को जागरूक करने के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी सुरक्षा और संरक्षण के विषय में जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य संदेश 'जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण—हर बच्चे का अधिकार' तय किया गया है।

नुक्कड़ नाटक के जरिए दी गई कानूनी जानकारी

शिविर के दौरान बच्चों को सहज और प्रभावी तरीके से समझाने के लिए कई विशेष नारों का सहारा लिया गया। गरियाबंद जिले के अंतर्गत विधि विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के सहयोग से समीपस्थ स्कूलों में नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग और झांकियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, पॉक्सो एक्ट के सपोर्ट पर्सन, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों और बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञों को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने की नियमितीकरण की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है।

संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि देशभर में करीब 27 लाख और छत्तीसगढ़ में एक लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रही हैं।

सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग, वादा पूरे करने की अपील



शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग

संघ की प्रमुख मांग है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को पंचायत और शिक्षा कर्मियों की तर्ज पर शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। इसके साथ ही संघ ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने तथा कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ के संरक्षक बसन्त त्रिवेदी , बसंत मिश्रा , मनोज मेसरा , जिला अध्यक्ष दुलारी साहू , उपाध्यक्ष कल्याणी मिश्रा , ब्लॉक अध्यक्ष गरियाबंद ईश्वरी वर्मा , ब्लाक अध्यश देवभोग अंबिका बघेल , ब्लॉक अध्यक्ष फिंगेश्वर शीला तारक , ब्लॉक अध्यक्ष मैनपुर हेमीन निर्मलकर ने मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री से आग्रह किया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हित में ठोस निर्णय लेकर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस मौके पर कचरा साहू , महेश्वरी दास , कमेशवरी जगत , नूतन संघानी , मंजूला तिवारी , केशर साहू , उत्तरा निर्मलकर , भोजबाई साहू सहित जिले भर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका शामिल थे ।

इसके बावजूद वे आज भी मूलभूत सुविधाओं और कर्मचारी के रूप में मिलने वाले लाभों से वंचित हैं।

संघ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और शासन की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आईसीडीएस के संचालन के 50 वर्ष पूरे होने के बाद भी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की समस्याओं का समुचित समाधान नहीं हो पाया है। संघ ने सरकार से अपनी मांगों को गंभीरता से लेते हुए आगामी बजट में आवश्यक प्रावधान करने की अपील की है।

खबर संक्षेप

बदलते मौसम में स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यानः इंद्राणी

राजिम। बदलते मौसम को देखते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने क्षेत्रवासियों से सावधानी बरतने की अपील की है।



उन्होंने कहा कि मौसम में लगातार बदलाव के कारण सर्दी, खांसी, बुखार सहित मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों एवं पहले से बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने, स्वच्छता बनाए रखने, शुद्ध पेयजल का सेवन करने तथा खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर लापरवाही न करें और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लें। जनपद अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करें।

20 लीटर महुआ शराब बरामद, एक गिरफ्तार

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने ग्राम सुखीपाली में एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम सुखीपाली में आरोपी शंकर चतुर्वेदी पिता रायसिंह चतुर्वेदी (34 साल) के खेत के पास से 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

भुरकोनी में धान कटाई को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम भुरकोनी में धान कटाई को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भुरकोनी के अमरई खार खेत में 26 अक्टूबर को पार्वती साहू और अन्य लोग धान की कटाई कर रहे थे। इसी दोपहर करीबन 03 बजे प्रार्थिया के बड़े भैया श्रीराम साहू एवं उसके बेटे मोरध्वज साहू, जितेंद्र साहू एवं उसकी पत्नी हेमबाई साहू आये और खेत के धान की कटाई करना चाह रहे थे, जिसे उन लोगों ने अपने पिता के हक का खेत समझ कर कटाई करने से मना किया, जिस पर सभी ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थिया, उसकी बड़ी दीदी बुधयारिन साहू एवं बहन राधा बाई साहू के साथ मारपीट किया।

सड़कों का बिछ रहा जाल, आवागमन होगा सुगम: रोहित

राजिम-चौबेबांधा-नवागांव व चौबेबांधा-सिंधौरी सड़क निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

बरसते पानी में राजिम विधायक रोहित साहू बुधवार को चौबेबांधा पहुंचकर कुल 12 करोड़ 60 लाख रुपए के दो सड़क परियोजना का स्थल भूमिपूजन किया। जिसमें राजिम-चौबेबांधा-नवागांव मार्ग लंबाई 3.30 किलोमीटर स्वीकृत राशि 9 करोड़ तथा चौबेबांधा-सिंधौरी मार्ग लंबाई 3.60 किलोमीटर 4.65 करोड़ रूपया है। जिसका पूजा अर्चना के साथ गैती से जमीन खोदा गया और स्थल भूमिपूजन के कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि मेला को नए मैदान में लाने के बाद सड़क की चिंता मुझे सबसे ज्यादा थी। लगातार इसकी मांग भी आ रही थी राजिम से चौबेबांधा टू लेन की स्वीकृति मिली है। आज के बाद से दोनों परियोजना का कार्य शुरू हो जाएगा। वैसे सन 2023 में भाजपा की सरकार बनी तब से विधानसभा क्षेत्र का चहूंमुखी विकास हो रहा है। महतारी वंदन में हर महिलाओं को प्रति माह 1000 रूपए मिल रहा है। गरीबों का पक्का आवास बन रहा है। गांव गली का उद्धार हो रहा है। पिछली सरकार के कामकाज को भी आपने देखा है तब और अपने बहुत फर्क है। भाजपा की सरकार में विकास धरातल पर दिख रहा है। राजिम से छुरा मार्ग स्थल भूम पूजन के समय भी पानी गिर रहा था जो अब तेजी के साथ बन रहा है। दीपावली के बाद से भक्तिन माता चौक से काम शुरू हो जाएगा। श्री साहू ने ग्रामीणों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि काम की मॉनिटरिंग आप सबको करना है। आप बताएं कि कहां पर नाली लगाना है और कहां पर क्या करना है।



236 करोड़ में राजिम से महासमुंद तक बनेगी फोरलेन सड़क

विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद तक 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के आशीर्वाद से मिला है। राजिम से 4 किलोमीटर तक फोरलेन बनानी थी। भविष्य में फिर से बाकी सड़क को फोर लेन बनाने की मांग होगी उससे अच्छा अभी से प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री तथा विभाग के सचिव से बैठकर निवेदन किया। उन्होंने फोरलेन के लिए अलग से 90 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति दी। अब 236 करोड़ रूपए में राजिम से लेकर महासमुंद तक फोरलेन सड़क बनेगी, जिसमें नाला, पुल पुलिया इत्यादि सभी की व्यवस्था होगी। महिला समूह की बहनों की मांग पर उन्होंने महिला भवन बनाने की घोषणा किया तथा चौबेबांधा में लक्ष्मी गणेश उत्सव समिति के रंगमंच के लिए राशि स्वीकृत होने की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि मेरे 40 सालों के प्रयास से क्षेत्रीयता का वातावरण बना है। बाहरी की अब आवश्यकता नहीं है क्षेत्रीयता जनता के हर आवश्यकताओं को पूरा कर रही है। राजिम विधानसभा क्षेत्र में अब बदलना नहीं है। विकास की परिभाषा अब देखने को मिल रही है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष महेश यादव ने भी सभा को संबोधित किया।



इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर जिला पंचायत सभापति नंदिनी-ओंकार साहू, नंदनी-कोमल ढीढी,नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लोकेश्वरी निषाद, नगर पंचायत खोपरा के अध्यक्ष रूप नारायण साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम सिंहा, बोधन साहू, राजू साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,जनपद सदस्य आशीष पांडे, चौबेबांधा के सरपंच दुलीचंद आंडे, सिंधौरी के सरपंच डीगेश्वर साहू, तुमेश साहू,गोपीचंद बनर्जी, मनहरण साहू, नंदू साहू, पीडब्ल्यूडी विभाग राजिम के एसडीओ ज्वालाकांत साहू, इंजीनियर नवीन श्रीवास्तव, मनीष साहू इत्यादि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सोनकर ने किया।

तीन माह से चावल के लिए भटक रहा कमार परिवार

रसेला। ग्राम पंचायत रूवाड़ के आश्रित ग्राम डुनडुनीपानी में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार पिछले तीन महीने से शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चावल नहीं मिलने के कारण परेशान है। राशनकार्ड निरस्त होने से पांच सदस्यों वाले परिवार के सामने भोजन की व्यवस्था करना भी चुनौती बन गया है। मजबूरी में परिवार को 40 रुपये प्रति किलो की दर से चावल खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है।



■ पांच सदस्यों के परिवार पर खाद्यान्न संकट

डुनडुनीपानी निवासी रामसिंह कमार ने बताया कि वह बांस से घरेलू उपयोग के बर्तन बनाकर बेचते हैं। इसी से होने वाली आमदनी पर उनके पांच सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण निर्भर है। सीमित आय के कारण परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना पहले ही मुश्किल है। ऐसे में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाला चावल बंद हो जाने से उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

रसेला में भी बुजुर्ग महिलाओं को राशन नहीं मिलने की शिकायत

ग्राम पंचायत रसेला में भी कई बुजुर्ग महिलाओं को पिछले तीन से चार महीने से चावल नहीं मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यदि पात्र हितग्राही तकनीकी या दस्तावेजी कारणों से राशन से वंचित हैं, तो यह उनके लिए गंभीर समस्या है। विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों और बुजुर्ग हितग्राहियों के लिए ऐसी स्थिति में परिवार का भरण-पोषण करना और भी कठिन हो जाता है। मांग की है कि मामले में संबंधित खाद्य विभाग और प्रशासन राशनकार्ड निरस्त होने के वास्तविक कारणों की जांच कर पात्र हितग्राहियों की समस्या का तत्काल निराकरण करें।

सरकारी अस्पताल के पास खड़ा था संदिग्ध वाहन

13.90 लाख का कबाड़ और स्क्रैप से लदा वाहन जब्त

राजिम/नवापारा। गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले प्रमुख व्यापारिक केंद्र नवापारा-राजिम क्षेत्र में पुलिस ने अवैध गतिविधियों और संदिग्ध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। नवापारा थाना पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े एक वाहन को पकड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में पुराना लोहा और कबाड़ी का स्क्रैप लदा हुआ था। जब्त किए गए वाहन और उसमें मौजूद लोहे की कुल अनुमानित बाजार कीमत 13 लाख 90 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने वाहन और सामान को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, नवापारा थाना क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इसी क्रम में 26 अक्टूबर को उपनिरीक्षक सोमन लाल सिन्हा और आरक्षक मनोज सिंह अपनी पेट्रोलिंग टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे। गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि नवापारा के गंज रोड स्थित सरकारी अस्पताल के पास एक टाटा वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 0264 खड़ा है। इस वाहन में भारी मात्रा में कबाड़ी का स्क्रैप और पुराना लोहा लोड है, और चालक वहां किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही सतर्क पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन को घेरकर उसकी विधिवत जांच शुरू की।



दस्तावेज मांगने पर नहीं दिखा सका कोई बिल या वैध कागजात : मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें बड़ी मात्रा में पुराना लोहा और औद्योगिक स्क्रैप भरा हुआ पाया गया। पुलिस ने जब चालक से लोड किए गए सामान के संबंध में वैध दस्तावेजों और खरीद-बिक्री के बिल की मांग की, तो चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा।

कड़ाई से पूछताछ करने पर चालक ने पुलिस को बताया कि वह इस टाटा वाहन का चालक है और वाहन मालिक के निर्देश पर सरकारी अस्पताल के सामने स्थित एक कबाड़ी दुकान से यह पुराना लोहा एवं स्क्रैप लोड कर रायपुर ले जाने के लिए निकला था। वह गंज रोड पर अपने मालिक का इंतजार कर रहा था, लेकिन उसके पास माल से संबंधित कोई बिल या रसीद नहीं थी।

संपत्ति के असली मालिक की तलाश जारी

पुलिस अब इस बात की गहराई से छानबीन कर रही है कि यह भारी मात्रा में स्क्रैप कहां से लाया गया था और इसका वास्तविक स्वामी कौन है। अवैध कबाड़ के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक सोमन लाल सिन्हा और आरक्षक मनोज सिंह की सक्रिय भूमिका रही है।



चेक बाउंस मामले में आरोपी को तीन माह की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

चेक बाउंस के एक मामले में सरायपाली के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) न्यायालय ने डॉ अशोक पटेल को तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उन्हें परिवादी को 6 लाख 50 हजार रुपए प्रतिकर के रूप में अदा करने का भी आदेश दिया है। अधिवक्ता आरएन आदित्य के अनुसार ग्राम सिंघनपुर निवासी संजीव कश्यप पिता पीतांबर कश्यप ने 1 जून 2019 को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत डॉक्टर अशोक पटेल के खिलाफ परिवाद प्रस्तुत किया था। डॉक्टर पटेल का संबंध पशु चिकित्सालय, गीदम, जिला दंतेवाड़ा से बताया गया है। न्यायालय में इस मामले को परिवाद प्रकरण क्रमांक 429/2019 के तहत दर्ज कर सुनवाई की गई। परिवाद के अनुसार डॉक्टर अशोक पटेल ने संजीव कश्यप से 4 लाख 50 हजार रुपये उधार लिए थे। रकम वापस करने के लिए उन्होंने बैंक से राशि निकालने योग्य होने की बात कहते हुए 4 लाख 50 हजार रुपए का चेक दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान परिवादी के साक्ष्य दर्ज किए गए और अभियुक्त का कथन भी लिया गया। विचारण के बाद न्यायालय ने डॉ अशोक पटेल को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत दोषी पाया।

